Need to run Sainik Express with 24 coaches from Sarai Rohilla Railway Station

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): झुंझुनूं जिला सैनिक बाहुल्य क्षेत्र हैं एवं शेखावाटी इलाके का महत्वपूर्ण भाग हैं। यहां से हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन रेल से यात्रा करते हैं। गाड़ी संख्या 19701/02 सैनिक एक्सप्रेस में केवल 16 डिब्बे हैं। इसका संचालन दिल्ली सराय रोहिल्ला से करने पर 24 डिब्बे बढ़ सकते है। जिससे लोगों को जगह ना मिलने की समस्या खत्म हो जायेगी। गाड़ी संख्या 19701/02 सैनिक एक्सप्रेस का संचालन दिल्ली सराय रोहिल्ला से कर फुल लोड 24 कोच से चलाया जाए ।